वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

अमर उजाला –दि0 28.10.2024

रामनगर किले के समीप सड़क का टर्निंग प्वाइंट होगा चौड़ा

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। रामनगर किले के समीप सड़क का टर्निंग प्वाइंट चौड़ा किया जाएगा। यहां अक्सर जाम की समस्या को देखते हुए इसे चौड़ा करने का निर्णय वीडीए ने लिया है। इसके लिए जमीन की आवश्यकता होगी तो निजी भवन स्वामियों से खरीदी जाएगी। इसके लिए वीडीए ने एसडीएम सदर से सहयोग मांगा है।

राजस्व अभिलेखों की जांच कर स्वामित्व से जुड़ी जानकारी मांगी गई है। वीडीए अधिकारियों के अनुसार रामनगर इलाके में विकास कार्य कराया जाएगा। इसमें सबसे बड़ी बाधा सड़क का टर्निंग प्वाइंट है। जिसे चौड़ा करने से काफी सहूलियत हो जाएगी। इसके आसपास सुंदरीकरण का कार्य कराया जाएगा। जरूरत के अनुसार यहां पेंटिंग और स्कल्पचर का कार्य होगा। इसके अलावा यहां सड़क पर कारोबार करने वालों को व्यवस्थित किया जाएगा।

सारनाथ की तरह रामनगर में भी विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए सड़क को चौड़ा किया जाना है। किले के पास सड़क का टर्निंग प्वाइंट चौड़ा होने से काफी सहूलियत होगी। इसके लिए एसडीएम सदर से दस्तावेज मांगे गए हैं। – ***पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष वीडीए***

अधिकारियों के मुताबिक जिस प्रकार सारनाथ के पटरी कारोबारियों को व्यवस्थित किया गया है। उसी प्रकार रामनगर इलाके का कायाकल्प किया जाएगा। इससे रामनगर भी सारनाथ की तरह से विकसित होगा। गंगा नदी से होकर रामनगर आने वालों को टर्निंग प्वाइंट पर दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सड़क चौड़ी होने के बाद यहां लाइटिंग कराई जाएगी।